# भागवत कथा: सोनू सिसोदिया आज देंगी भजनों की प्रस्तुति

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रानीवाड़ा।** डूंगरी में वेलाणी परिवार की ओर से चल रही भागवत कथा के छठे दिन बुधवार को भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। जिसमें फेमस सिंगर सोनू सिसोदिया भजनों की प्रस्तुति देंगी। समाजसेवी अमृत पुरोहित ने आमजन से अंतिम दिन की कथा व भजन संध्या में ज्यादा से ज्यादा संख्या में सम्मिलित होने का आह्वान किया है। गुरुवार को श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम विशाल भजन संध्या में राजस्थान के खयातिनाम भजन गायक श्याम पालीवाल एवं भजन गायक जोगभारती प्रस्तुती देंगे।



## किया कृष्ण लीलाओं का वर्णन

भागवत कथा के चौथे दिन मंगलवार को कथा वाचक संत कृपाराम ने भगवान कृष्ण के जन्म से जुड़े प्रसंग सुनाए। कृपाराम ने कहा कि जब भी धरती पर आसुरी शक्ति हावी हुईं है तब परमात्मा ने धर्म की रक्षा के लिए अवतार लेकर पृथ्वी पर धर्म की स्थापना की हे। मथुरा में राजा कंस के अत्याचारों से व्यथित होकर धरती की करुण पुकार सुनकर नारायण ने कृष्ण रुप में देवकी के अष्टम पुत्र के रूप में जन्म लिया और धर्म और प्रजा की रक्षा कर कंस का अंत किया। उन्होंने कहा कि जीवन में अच्छे रास्ते पर जाना है तो संकल्प लेना जरूरी है। हर बच्चे को अपने माता-पिता की बातों को मानना चाहिए, यूं समझिए बच्चों के लिए सबसे बड़े भगवान माता-पिता ही है। जिनके ऊपर माता-पिता का आशीर्वाद है उन्हें संसार में सब कुछ प्राप्त है। साथ-साथ हर एक माता-पिता को चाहिए कि अपने साथ अपने बच्चों को भागवत कथा हो, सत्संग-कीर्तन हो अपने साथ जरूर लाना चाहिए। क्योंकि धर्म की कथा सुनने से बच्चों में संस्कार अच्छी बातें आती है। उन्होंने कहा कि सभी को गौ माता की सेवा, गायत्री का जाप और गीता का पाठ अवश्य करना चाहिए। कथा में रानीवाड़ा पुलिस उप अधीक्षक भवानीसिंह इंदा, रानीवाड़ा प्रधान राघवेन्द्रसिंह देवड़ा आदि मौजूद रहे।

# भाजपा मंडल अध्यक्षों की हुई घोषणा
## कार्यकर्ताओं ने किया अध्यक्षों का स्वागत

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रामसीन।** भाजपा रामसीन मंडल अध्यक्ष पद पर छगनलाल भाटी को नियुक्त किया गया है। भाटी की नियुक्ति पर कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह जताया। भाटी को सौंपी गई जिम्मेदारी को घांची समाज के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। कार्यकर्ताओं ने मिठाइयां बांटी और आतिशबाजी कर अपनी खुशी का इजहार किया। भाटी ने कार्यकर्ताओं और वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पार्टी के विश्वास पर खरा उतरने के लिए कड़ी मेहनत करेंगे। रामसीन मंडल में भाजपा को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का प्रयास करेंगे। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी शांतिलाल सुथार, भेरूलाल अग्रवाल, पूर्व



मंडल अध्यक्ष रमेश रावल, अन्नाराम परमार, रमेश सेन, आरडी भाई, विजय प्रजापत, तेजाराम परमार, गिमाराम बोराणा, खेकाराम, मोहनलाल, अशोक परमार, हितेष बोराणा, हिमाराम गहलोत, रणजीत सोलंकी, मंसाराम, वरदाराम, हेमंत परमार, राजू गहलोत, लक्ष्मण पुरोहित, कालूराम, प्रकाशकुमार, रमेशकुमार, प्रतापकुमार, रणछोड़ परमार, शंकर टाइगर, वि' म बोराणा, तुलसाराम चौधरी, शांतिलाल पुरोहित, भंवरसिंह, वरदाराम सुथार, अर्जुन हीरागर, जोताराम चौधरी, प्रतापसिंह बेतारना, खेतसिंह झाक, सुरेश भाटी, गोपाल सोलंकी, रायमल, छोटू देवासी, शांतिलाल परमार, गोपाल राजपुरोहित, तिलोकचन्द, भेराराम मेगवाल, निरंजनभाई, शाहरुख सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### चौधरी बने भाजपा जीवाणा मंडल अध्यक्ष

**जीवाणा।** भाजपा जालोर विधानसभा क्षेत्र कार्यकारिणी की घोषणा के तहत जीवाणा मंडल के अध्यक्ष पद पर तुलसाराम चौधरी जालमपुरा को मनोनीत किया गया है। चौधरी को मंडल अध्यक्ष मनोनीत करने पर क्षेत्रवासियों व भाजपा कार्यकर्ताओं ने माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। चौधरी पहले भी मंडल अध्यक्ष रह चुके है।





जसवंतपुरा

**जसवंतपुरा।** भारतीय जनता पार्टी जालोर संगठन पर्व के तहत मंडल अध्यक्षों के चयन में जसवंतपुरा भाजपा मंडल के नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष भंवरसिंह राजपुरा का सम्मान समारोह सुंधा माता तिराहे पर स्थित मारू प्रजापति छात्रावास में मंगलवार को आयोजित किया गया। नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष राजपुरा का भाजपा मंडल की तरफ से समाजसेवी मोडाराम प्रजापत ने साफा एवं वरिष्ठ भाजपा नेता वजाराम माली व व्यापार मंडल अध्यक्ष मोहनलाल जैन ने माला पहना कर स्वागत सत्कार किया। तत्पश्चात सभी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने माला पहनाकर स्वागत किया। वरिष्ठ नेता वजाराम माली ने नवनियुक्त अध्यक्ष को बधाई देते हुए सबको साथ लेकर चलने एवं पार्टी के लिए समर्पित होकर कार्य करने को कहा। भाजपा नेता भगवानसिंह देवल चेकला ने कहा कि भंवरसिंह राजपुरा को प्रशासनिक, संगठन एवं समाज में काम करने का अनुभव है इसलिए पूरा विश्वास है कि भंवरसिंह के नेतृत्व में मंडल नए आयाम पर जाएगा। नरपतसिंह आंबातरी ने कहा कि भंवरसिंह सबको साथ लेकर चलने वाले आम कार्यकर्ता है। रमेश धनपुरा ने कहा कि मंडल अध्यक्ष में संगठन को मजबूत करने की क्षमता है। शिक्षाविद नवाब खां, उत्तम राव ने भी विचार व्यक्त किए। भंवरसिंह राजपुरा ने कहा कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है उसका पूरी इमानदारी से निर्वहन करेंगे। इसके लिए सभी से सहयोग की अपील की। मंच संचालन ईश्वर परिहार ने किया। इस अवसर पर वजाराम माली, मोहनलाल जैन, गणपतसिंह चेकला, भगवानसिंह देवल, रमेश धनपुरा, जोगाराम चौधरी, महेन्द्रसिंह राव, रामसिंह धुरपडा, आसूसिंह देवडा पावटा, जसवंत प्रजापत, जितेन्द्र अग्रवाल, मौहम्मद यासीन, नवाब खां, मानाराम चौधरी, अर्जुन राव, राजेन्द्र सुथार, हीरसिंह पंचेरी, छैलसिंह गोलाणा, मफाराम पंचेरी, देवाराम प्रजापत, मगनलाल पुरोहित, रामसिंह गोलाणा, अनोपसिंह चेकला, दीपेन्द्रसिह पहाडपुरा, महेश नागर, सोहनगिरी, श्रवणसिंह पहाडपुरा, रघुसिंह राजपुरा व हितेशगिरी गोस्वामी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

**सायला।** भाजपा के सायला मंडल अध्यक्ष पद पर नैनमल लखारा को दूसरी बार मनोनीत किया गया गया है। गणपति रिद्धि सिद्धी मंदिर में में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष लखारा का मुंह मीठा करवा साफा एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया। लखारा ने भाजपा संगठन के उन पर दुबारा भरोसा जलाने पर नेतृत्व का आभार जताया। कार्यकर्ताओं से कहा कि सायला मंडल के आमजन की समस्याओं का समाधान करवाने एवं क्षेत्र के विकास का प्रयास करेंगे। साथ ही संगठन की मजबूती के लिए सभी को साथ लेकर चलते हुए कार्य करेंगे। मुकुन्द दवे, पूर्व सरपंच सुरेश राजपुरोहित ने भी संबोधित किया। व्यापार मंडल ब्लॉक अध्यक्ष मांगीलाल राजपुरोहित, मुल्तानमल आचार्य, रूपकिशोर अग्रवाल, नेहरूभाई सुथार, रमेश आचार्य, आशुसिंह दहिया, वस्तुपाल जैन, शंभूसिंह राजपुरोहित, सोनाराम चौधरी, वागाराम चौधरी, जेठूसिंह रेवतड़ा, जगाराम माली, वागाराम मेघवाल, हरीचंद्र वीराना, भोपसिंह राजपुरोहित, जबरसिंह राजपुरोहित, रमेश राजपुरोहित, थानसिंह थलवाड़, प्रशांत रावल, विजय आचार्य, जगदीश राजपुरोहित, सांवलाराम तुरा समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।



# जिले में अब 15 लाख 13 हजार 557 मतदाता
## जुड़े 18 हजार 683 पुरुष व 22 हजार 352 महिला मतदाता

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** भारत निर्वाचन आयोग की ओर से विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के अर्हता 1 जनवरी 2025 के आधार पर द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के लिए उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश मेवाड़ा की अध्यक्षता में मंगलवार को बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों व मीडियाकर्मियों की उपस्थिति में जिले के पांच विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन किया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी मेवाड़ा ने बताया कि 7 जनवरी 2025 तक जिले में 15 लाख 13 हजार 557 मतदाता हैं। जिनमें से 7 लाख 94 हजार 830 पुरूष व 7 लाख 18 हजार 727 महिला मतदाता है। द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान 29 अक्टूबर 2024 (प्रारूप प्रकाशन) से 7 जनवरी 2025 (अंतिम प्रकाशन) तक कुल 18 हजार 683 पुरूष व 22 हजार 352 महिला मतदाताओं का पंजीकरण किया गया। इस दौरान मतदाता सूची के अनुसार लिंगानुपात 897 से बढ़कर 904 हो गया। बैठक में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदाता सूचियों की हार्ड एवं सॉफ्ट कॉपी उपलब्ध करवाई गई। नायब तहसीलदार राजेश व्यास, भाजपा के मुकेश राजपुरोहित, सुरेश सोलंकी व सुदर्शन व्यास, इंडियन नेशनल कांग्रेस के रमेश सोलंकी सहित मीडियाकर्मी उपस्थित रहे।

### विधानसभा क्षेत्र की स्थिति

अंतिम प्रकाशन के अनुसार जिले की आहोर विधानसभा (141) में कुल 2 लाख 80 हजार 601 मतदाताओं में 1 लाख 46 हजार 542 पुरूष व 1 लाख 34 हजार 59 महिला, जालोर विधानसभा (142) में कुल 3 लाख 3 हजार 793 मतदाताओं में 1 लाख 59 हजार 628 पुरूष व 1 लाख 44 हजार 165 महिला, भीनमाल विधानसभा (143) में कुल 3 लाख 20 हजार 867 मतदाताओं में 1 लाख 68 हजार 792 पुरूष व 1 लाख 52 हजार 75 महिला, सांचौर विधानसभा (144) में कुल 3 लाख 24 हजार 986 मतदाताओं में 1 लाख 71 हजार 719 पुरूष व 1 लाख 53 हजार 267 महिला एवं रानीवाड़ा विधानसभा (145) में कुल 2 लाख 83 हजार 310 मतदाताओं में 1 लाख 48 हजार 149 पुरूष व 1 लाख 35 हजार 161 महिला मतदाता है।

# एडीजे ने किया रैन बसेरे का आकस्मिक निरीक्षण



### » सफाई व्यवस्था खराब होने पर जताई नाराजगी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** बस स्टेंड व अंबेडकर सर्किल पर पालिका द्वारा संचालित रैन बसेरे का अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एडीजे) राजेंद्र सहू ने आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान सफाई व्यवस्था बेहद खराब पाई गई। रैन बसेरे में पानी की कोई व्यवस्था नहीं थी एवं कई सालों से प्याऊ बंद पड़ी मिली। शौचालय में साफ सफाई नहीं मिली। अम्बेडर सर्किल पर स्नानघर की कोई सुविधा नहीं थी, रेन बसेरे के शौचालय बंद थे। निरीक्षण के दौरान रैन बसेरे का रजिस्टर भी जांचा। जिसमें भी कई कमियां पाई गई। इस पर एडीजे सहू ने कहा कि पालिका की जिम्मेदारी है कि आश्रय लेने वाले लोगों के लिए सर्दी में कंबल आदि के साथ आवश्यक अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। उधर न्यायाधीश ने ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर थानाधिकारी रामेश्वरलाल भाटी को ट्रैफिक व्यवस्था सुधार के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

# गरिमापूर्ण एवं उत्साह से मनाएं गणतंत्र दिवस : डॉ गावंडे

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के.गावंडे की अध्यक्षता में मंगलवार को कलक्ट्रेट सभाकक्ष में गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। जिला कलक्टर ने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन गरिमापूर्ण एवं उत्साह के साथ किया जावें। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस पर विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कार्मिकों के नाम जिलास्तरीय समारोह में सम्मानित होने के लिए निर्धारित आवेदन पत्र में संबंधित विभागीय अधिकारी की अनुशंषा कर भिजवाएं। उन्होंने मुख्य समारोह स्थल पर चिकित्सा व्यवस्था, पेयजल, साफ-सफाई एवं शहर में रोशनी व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचन्द्र यादव ने गणतंत्र दिवस पर जिले में कानून



एवं शांति व्यवस्था को लेकर पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए। अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेश मेवाड़ा ने जिला मुख्यालय पर होने वाले कार्यक्रम की जानकारी दी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोटाराम गोदारा, जालोर उपखंड अधिकारी मनोज चौधरी, तहसीलदार बाबूसिंह राजपुरोहित, डिस्कॉम के अधिशासी अभियंता नारायणलाल सुथार, नगर परिषद के एटीपी शिवदान जांगिड़, सीएमएचओ डॉ. रमाशंकर भारती, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी गंगा कलावंत, होमगार्ड के समादेष्टा मनोहरलाल, रसद विभाग की प्रवर्तन निरीक्षक नमिता नारवाल सहित गणतंत्र दिवस आयोजन से जुड़े विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# सांचौर जिले को बहाल करने की मांग को लेकर धरना जारी



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** प्रदेश सरकार की ओर से सांचौर जिले का दर्जा खत्म करने के विरोध में सांचौर संघर्ष समिति के तत्वावधान में मंगलवार को धरना 10वें दिन जारी रहा।

धरने के दौरान वक्ताओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ नाराजगी जताते हुए जिले को पुनः बहाल करने की मांग की। धरने पर बैठे लोगों ने आरोप लगाया कि प्रदेश की भाजपा सरकार जिला खत्म करने के नाम पर भेदभाव कर लोगों के साथ अन्याय कर रही है। जिसे किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। सांचौर जिला भौगोलिक दृष्टि से मापदंड में खरा उतरता है। फिर भी राज्य सरकार ने द्वेष भावना से जिले को खत्म कर दिया जो सांचौर के लोगों के साथ अन्याय है। उपखंड अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भी सौंपा गया। ज्ञापन में बताया कि 25 सितम्बर 2024 से 2 अक्टूबर 2024 तक जिला मुख्यालय सांचौर के आगे अनशन व महापहाड़व किया था। भाजपा सरकार को सांचौर जिला निरस्त नहीं करने के बारे में भी ज्ञापन देकर अनुरोध किया था। किसी भी लोक कल्याणकारी सरकार की जिम्मेदारी बनती है कि जनहित में लिए गए निर्णय किसी भी सरकार ने लिए हो, आने वाली सरकारे उन कार्यों को आगे बढ़ाएं। परन्तु वर्तमान भाजपा सरकार ने पिछले डेढ साल से व्यवस्थित तरीके से चल रहे सांचौर जिले को निरस्त कर बहुत बड़ी भूल की है। जिला पुनः घोषित नहीं होता है तब तक धरणा जारी रखा जाएगा। पूर्व मंत्री सुखराम विश्नोई, मांगीलाल सारण, केसाराम मेहरा, सुरजनराम विश्नोई, वीरेंद्रसिंह हरियाली, रामावतार मांजू, पूनमाराम लियादरा, अमराराम माली, नरपत माली, तुलासाराम पुरोहित, बाबूलाल सुथार, बधाराम माली, पूनमाराम सिवाड़ा, गणेशाराम देवासी, मोहनलाल बांगड़वा, देवीसिंह राजपूत, भूपाराम पुरोहित, बाबूलाल भादू आदि मौजूद थे।



# समझाइश पर हुआ मृतकों का पोस्टमार्टम
## शव घर पहुंचते ही मचा कोहराम



### उनड़ी-पोषाणा मार्ग पर डंपर से कुचलने से दम्पती व दो बच्चों की मौत का मामला

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सायला।** थाना क्षेत्र के जीवाणा-भीनमाल स्टेट हाइवे पर उन्नडी-पोषाणा के बीच बाइक सवार दंपती और दो बच्चों की डंपर से कुचलने से मौत के तीसरे दिन मंगलवार को मृतकों के शव का पोस्टमार्टम हुआ। इसके बाद शवों को बावतरा स्थित घर पहुंचाने पर पूरे परिवार में क्रंदन रूदन के साथ माहौल गमगीन हो गया। ग्रामीणों व समाजबंधुओं ने बड़ी मुश्किल से रोते-बिलखते माता-पिता व मृतक दम्पती के दस वर्षीय बेटे राहुलपुरी व अन्य परिजनों को संभाला व ढांढस बंधाया। गमगीन माहौल में मृतकों के शवों का अंतिम संस्कार किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में पूरा गांव उमड़ पड़ा। ज्ञातव्य है कि रविवार को हुए बजरी भरे डंपर से कुचलने से बावतरा निवासी उत्तमपुरी पुत्र मांगपुरी, पत्नी डिम्पल देवी, बेटी चिंटू व बेटे राजपुरी की मौके पर ही मौत हो गई थी। डिम्पलदेवी गर्भवती भी थी। उत्तमपुरी के परिवार में उसका एक मात्र दस वर्षीय बेटा राहुलपुरी ही बचा है।

# नेत्र जांच, मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर कल

### रक्तदान शिविर व स्वेटर वितरण कार्यक्रम भी होगा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** अणदाराम सेवा संस्थान मोदरा एवं ब्राह्मण स्वर्णकार युवा संगठन जिला जालोर के तत्वावधान में द्वितीय नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर गुरुवार को नवनिर्मित अणदेश्वर वाटिका भीमपुरा रोड मोदरा में आयोजित किया जाएगा। ब्रह्माकुमारी राजयोग केन्द्र भीनमाल एवं ग्लोबल अस्पताल जालोर की टीम की ओर से आंखों की जांच की जाएगी। ऑपरेशन योग्य मरीजों को ग्लोबल अस्पताल आबूरोड ले जाकर मोतियाबिंद ऑपरेशन भी किए जाएंगे। शिविर में नजर के चश्में व दवाइयां वितरित की जाएगी। ब्रह्माकुमारी केंद्र के तत्वावधान में यह 131वां शिविर होगा। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों की ओर से रक्तदान किया जाएगा। मरुधरा ब्लड सेंटर भीनमाल की टीम रक्त संग्रह हेतु उपलब्ध रहेगी।

#### स्वेटर व कंबल का करेंगे वितरण

इसके बाद स्थानीय विद्यालयों के करीब 400 बालक- बालिकाओं को निशुल्क स्वेटर, 100 जरुरतमंदों को कम्बल एवं तिल गुड़ के लड्डू वितरित किए जाएंगे। ज्ञातव्य है कि मकर सं ंति के उपलक्ष्य में पिछले वर्ष भी अणदेश्वर वाटिका में निशुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर आयोजित किया गया था। जिसमें 300 लोगों के नेत्र जांच की गई और 200 लोगों को दवाई व नजर के चश्मे वितरित किए गए थे। 17 मरीजों के निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन किए गए थे तथा स्वेटर वितरण कार्य म भी आयोजित किया गया था। इससे पूर्व भी कम्बल वितरण, गायों को हरा चारा, लम्पी बीमारी में दवाई आदि का वितरण किया गया था।

### साधारण सभा की बैठक कल

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** पंचायत समिति जालोर की साधारण सभा की बैठक प्रधान नारायणसिंह राजपुरोहित की अध्यक्षता में गुरूवार को जालोर क्लब के पास स्थित जिला पंचायत संदर्भ केन्द्र में आयोजित की जाएगी। यह जानकारी पंचायत समिति जालोर के विकास अधिकारी प्रदीप मायला ने दी।

### बैठक कल

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सायला।** पंचायत समिति सायला की साधारण सभा की बैठक गुरूवार प्रातः 11.30 बजे प्रधान ढोमीदेवी पुरोहित की अध्यक्षता में पंचायत समिति सभागार में आयोजित की जाएगी। विकास अधिकारी गौरव विश्नोई के अनुसार जिसमें गत बैठक कार्यवाही का पठन व अनुमोदन, जल, विद्युत, सड़क, शिक्षा, चिकित्सा, समाज कल्याण व कृषि से जुड़ी समस्याओं एवं ग्रामीण विकास व पंचायतीराज विभाग द्वारा संचालित योजनाओं पर चर्चा की जाएगी।

# जातियों को सूचीबद्ध करने में विसंगतियों पर जताया विरोध

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** डीएनटी समन्वय समिति के तत्वावधान में मंगलवार को विमुक्त , घुमंतू एवं अर्ध-घुमंतू जातियों से जुड़े लोगों ने रैली निकाली एवं कलक्ट्रेट पहुंच जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम 9 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में चेतावनी दी कि सरकार उनकी मांगों को लेकर उचित फैसला नहीं लेती है तो प्रदेश के विभिन्न जिलों में प्रदर्शन के बाद जयपुर जिला मुख्यालय पर बड़ा आंदोलन किया जाएगा।



राष्ट्रीय पशुपालक संघ एवं डीएनटी समन्वय समिति के अध्यक्ष ने बताया कि विमुक्त, घुमंतू और अर्ध-घुमंतू समाजों के लिए रेनेके और इदाते आयोग की रिपोर्ट की सिफारिशों के आधार पर केंद्र और राज्य सरकारों ने नीतियां बनाई हैं। लेकिन राजस्थान सरकार ने उदासीन रवैया अपनाया है। जातियों को सूचीबद्ध करने में अनेक विसंगतिया हैं। जैसे रेबारी लिखा है, लेकिन उसके पर्याय शब्द राईका (रायका) और देवासी नहीं लिखा गया है। इससे उनके पहचान सर्टिफिकेट नहीं बन रहे। जोगी कालबेलिया लिख दिया, जबकि जोगी और कालबेलिया अलग अलग है, बावरी लिखा है, लेकिन बागरिया नहीं लिखा है। नायक और भोपा एक ही जाति है, लेकिन उनको अलग- अलग वर्ग में डाल दिया है। बंजारा, भाट और राव एक ही है, लेकिन उनमें भी भूल की है। इनके सुधार के लिए कैबिनेट मंत्री मदन दिलावर को ज्ञापन भी दिया, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ है। उन्होंने सरकार से जायज मांगों को तत्काल पूरा करवाने की मांग की।



## स्वामी विवेकानंद पर भाषण व पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** राजकीय महाविद्यालय में मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद पर आधारित भाषण एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने स्वामी विवेकानंद के विचारों और उनके योगदान पर अपने विचार प्रस्तुत किए। सहायक आचार्य हितेन्द्र सिंह व करिश्मा ने निर्णायक के रूप में भूमिका अदा की। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर प्रेम राठौड़, द्वितीय हितेश बैरवा और तृतीय स्थान पर संगीता रही। इसी प्रकार पोस्टर प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। इसमें प्रथम स्थान पर खुशी, द्वितीय स्थान पर संगीता और तृतीय स्थान पर कांता रही। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ. रेणुकुमारी और दुष्यंत देव ने अहम भूमिका निभाई। कार्य म के समापन पर प्राचार्य डॉ हीरालाल ने प्रतिभागियों को बधाई दी। राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी राहुल पलसानिया ने स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को अपनाने का संदेश दिया। आयोजन में सहायक आचार्य डॉ संजय परिहार, राजेशकुमार मीना, नवीनचंद मीणा और वरिष्ठ सहायक राजेश चौधरी उपस्थित रहे।

## वेरा वल्डिया पर रात्रि में अचानक धंसा कुआं

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नाडोल।** कस्बे में पूर्व सरपंच पुखराज चौधरी के वेरा वल्डिया वाला स्थित कुआ, छोटी कोटड़ी आदि का हिस्सा भूमि में समा गया। किसान के अनुसार में रात्रि करीब एक बजे प्राकृतिक आपदा के तहत कंपन व भूकंप जैसे झटके के साथ कुएं का एक तरफ का हिस्सा, पास बनी आलेनुमा कोटड़ी, विद्युत मोटर, केबल, पाइप, इलेक्ट्रिक पैनल आदि भूमि में समा गए। हादसे के चलते अब बोई गई फसल में सिंचाई भी होना नामुमकिन है। ऐसे में किसान को दोहरी मार झेलनी पड़ेगी। सूचना मिलने पर थानाधिकारी जाकीर अली सैयद, पटवारी हजारीराम विश्नोई सहित प्रशासनिक कार्मिक व ग्रामीण मौके पर पहुंचे। कुएं के आस पास तारबंदी करवा परिजनों को सुरक्षा के लिहाज से दूर रहने को पाबंद किया गया। पटवारी ने मौका मुआयना कर रिपोर्ट बना कर हादसे की सुचना प्रशासन को उचित कार्यवाही हेतु भेज दी। ज्ञातव्य है कि कुछ दिन पहले ओगडराम सीरवी का कुआं भी धंस गया था। किसानों ने आपदा के चलते सहयोग की अपील की है। इस दौरान पुर्व उप सरपंच रुपाराम चौधरी, समाजसेवी अमरसिंह राजपुरोहित, जितेंद्र सीरवी, भूराराम चौधरी, भलाराम घांची, मुकेश सीरवी, गजाराम सीरवी, नथाराम, गमनाराम, मोडाराम सहित कई लोग मौजूद थे। कुओं पर रहवासी लोगों को सुरक्षा को लेकर एहतियात बरतने की सलाह दी गई है। पटवारी ने कृषकों को खुले कुओं को लोहे की जालियां लगाकर बंद रखने का आग्रह किया ताकि हादसों से बचा जा सके।



## बैग से सोने के आभूषण चुराने के दो और आरोपी गिरफ्तार

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** पुलिस ने शहर की एक महिला के बैग से 9 महीने पहले चुराए गए 24 तोला सोने के गहनों के मामले में हरियाणा निवासी दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सीओ सिटी देरावरसिंह ने बताया कि 20 अप्रैल 2024 को जोधपुर जिले के ढंढोर (खेडापा) हाल पाली के विद्यानगर बांगड कॉलेज के पीछे रहने वाले जगदीशसिंह राजपुरोहित ने रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि उसकी पत्नी 20 अप्रैल 2024 को पाली के नया बस स्टैंड पर बस में ढिढोरा गांव जाने के लिए बैठी थी। जोधपुर से ढिढोरा के लिए दूसरी रोडवेज बस में सवार होकर गई। इस दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने सूटकेस में रखे करीब 24 तोला सोने के गहने चुरा लिए। कोतवाल किशोरसिंह के अनुसार इस मामले में पुलिस ने रोडवेज बस स्टैंड पाली से लेकर जोधपुर बस स्टैंड तक के सीसीटीवी कैमरे खंगाले। जिसमें आरोपियों के बारे में सुराग हाथ लगे एवं हरियाणा के सांसी गैंग से जुड़े राजेन्द्र पुत्र बीरूराम निवासी उगालन पुलिस थाना बास हिसार-हरियाणा को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में अन्य आरोपियों की जानकारी मिली। जिस पर खरल (गढी) जिला जींद हरियाणा निवासी सुरेन्द्र पुत्र जहांगीर, हिसार जिले के भकलाना (बास) निवासी जोगेन्द्र पुत्र सतबीर को भी गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपियों को पकड़वाने में कोतवाली थाने के कांस्टेबल जितेंद्र बागोरा और महेश जाट की मुख्य भूमिका रही।

## प्रकाश पर्व पर निकाली कीर्तन यात्रा, हैरतअंग्रेज करतबों ने किया रोमांचित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** सिक्ख पंथ के दसवें गुरू गुरू गोविंदसिंह महाराज के प्रकाश पर्व के मौके पर गुरद्वारा गुरूसिंह सभा शिवगंज की ओर से विशाल शोभा यात्रा (नगर कीर्तन) निकाली गई। नगर कीर्तन में पांच प्यारों की अगुवाई में गुरू ग्रंथ साहिब महाराज की सवारी भी शामिल हुई। संगत गुरबाणी कीर्तन करते हुए और सेवा का संदेश देते हुए साथ चली। शोभायात्रा सुबह साढ़े दस बजे गुरुद्वारा साहेब शिवगंज से रवाना हुई जो सुमेरपुर में प्रवेश करते हुए नदी ढलान स्थित नीलकंठ महादेव, पुराना पाली बस स्टेंड, गांधी मूर्ति, मेहता प्याऊ, भैरु चौक, आर्य समाज सर्किल, मंगल कलश चौराहा से होते हुए पुनः गुरुद्वारा साहेब शिवगंज पहुंची। नगर के मुख्य चौराहों पर निशान ए खालसा गतका ग्रुप ने हैरतअंगेज करतब दिखाए। वहीं पंजाब फौजी बैंड ने अपनी प्रस्तुतियां देते हुए दर्शको का मन मोहा। कीर्तन में सुसज्जित वाहन पर गुरु ग्रंथ साहिब शोभायमान थे। पंच प्यारे बोले सो निहाल सत श्री अकाल के उदघोष के साथ सुसज्जित वाहन की अगुवाई कर रहे थे। समाजजन गुरु ग्रंथ साहिब के वाहन के आगे सफाई करते हुए चल रहे थे। पानी का टैंकर मार्ग पर छिड़काव करता हुआ चल रहा था। नगर में विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा और जलपान के साथ नगर कीर्तन का स्वागत किया गया। नगर कीर्तन में सिक्खों के शौर्य को दर्शाती झांकियां शामिल रहीं। कांग्रेस नेता व पूर्व प्रधान हरीशंकर मेवाड़ा, कांग्रेस नगर अध्यक्ष सुभाष मेवाड़ा, करणसिंह मेड़तिया, गणपतसिंह देवड़ा, जाफर सिलावट सहित अन्य द्वारा कीर्तन यात्रा का स्वागत किया गया।



## 'अहिल्या बाई होलकर का जीवन भारतीय इतिहास का स्वर्णिम अध्याय'

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाली।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की स्थानीय इकाई के तत्वावधान में राजकीय महाविद्यालय में आहिल्या बाई होलकर के 300वें जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में व्याखान माला का आयोजन किया गया। मुख्यवक्त ा आरएसएस के जिला प्रचारक नारायणलाल ने कहा कि आहिल्या बाई होलकर का जीवन भारतीय इतिहास का एक स्वर्णिम अध्याय है। उनके सम्पूर्ण जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि होलकर न केवल एक उत्कृष्ट शासनकर्ता थी अपितु उनमें धर्म के प्रति समर्पण, दूरदृष्टि एवं उज्ज्वल चरित्र भी था। उनका लोक कल्याणकारी शासन भूमिहीन किसानों, भीलों जैसे जनजाति समूह तथा विधवाओं के हितों की रक्षा करने वाला एक आदर्श शासन था।



**व्याख्यान माला आयोजित**

समाज सुधार, कृषि सुधार, जल प्रबंधन, पर्यावरण रक्षा, जन कल्याण और शिक्षा के प्रति समर्पित होने के साथ उनका शासन न्यायप्रिय भी था। उनके जीवन की न्यायप्रियता उनके पुत्र के दृष्टान्त से स्पष्ट होती है। उन्होंने बद्रीनाथ से रामेश्वरम तक एवं द्वारिका से पुरी तक आ' मणकारियों द्वारा क्षतिग्रस्त मन्दिरों का पुनर्निर्माण करवाकर सम्पूर्ण भारत को एक सूत्र में बांधने का सराहनीय प्रयास किया। प्राचार्य तथा अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला प्रचार प्रमुख डॉ. आईदानसिंह ने कहा कि इंदौर की शासिका आहिल्या बाई होलकर की ग्रामीण पृष्ट भूमि वाले सामान्य परिवार की बालिका से एक असाधारण शासनकर्ता तक की जीवन यात्रा महान प्रेरणा का स्त्रोत है। भारतीय इतिहास में ऐसे अनेक महापुरूष है जिन्हें इतिहास की मुख्य धारा में अनभिज्ञतावश अथवा जानबूझ कर स्थान नहीं दिया गया। इस प्रकार भारत केन्द्रीत इतिहास लेखन की महती आवश्यकता है। कार्य' म का संचालन सहायक आचार्य भजनलाल ने किया। जिसमें संकाय सदस्य डॉ. उम्मेद चौधरी, सुश्री रजनी, डॉ. मुकेशकुमार, डॉ. तृप्ति असावा, डॉ. महेशकुमार, डॉ. हेमराजसिंह, कांतीलाल शर्मा, महेन्द्र गहलोत, विष्णुकांता दवे, बालूभाई गर्ग, भवरसिंह आदि उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री अमृत आहार योजना का शुभारम्भ



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मुंडारा।** बाली सैक्टर के पुनाड़िया गांव में मुख्यमंत्री अमृत आहार योजना के तहत आंगनवाड़ी केंद्र पर बच्चों को गुणवत्तापूर्ण आहार का सेवन करवाया गया। गांव के समाजसेवी व आंगनबाडी को गोद लेने वाले भामाशाह दिनेश चौधरी के अतिथ्य में योजना का शुभारंभ किया गया। चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री अमृत आहार से बच्चों का बेहतर व गुणवत्तापूर्ण पोषण होगा। गुणवत्ता युक्त पोषण से बच्चों का मानसिक व शारीरिक विकास होगा। इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका अन्नू लखारा, राशन डीलर वि' मपुरी गोस्वामी, सहायिका उषा परमार सहित महिलाएं मौजूद थी। सभी ने बच्चों को आशीर्वाद दिया। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता किरण लोंगेशा ने आगंतुकों का आभार जताया।

## क्रिकेट प्रतियोगिता का खिताब नीपल गांव के नाम



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**खिंवाड़ा।** समीपवर्ती डायलाना कला पंचायत के डायलाना खुर्द गांव स्थित खेल मैदान पर टाइगर क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में चल रही चार दिवसीय टाइगर क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन सरपंच राजाराम सीरवी के मुख्य अतिथि में हुआ। सीरवी ने कहा कि खेल से जहां शारीरिक विकास होता हैं वहीं आपसी सौहार्द का वातावरण भी बनता हैं। ऐसे में युवाओं को स्वस्थ रहने व शरीर को चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए खेलों में भाग लेना चाहिए। प्रतियोगिता आयोजक मंडल के महेंद्र राठौड़ व हिम्मत रमैया के अनुसार फाइनल मैच में निपल गांव की टीम ने डायलाना को पराजित कर खिताब अपने नाम कर लिया। प्रतियोगिता में 16 टीमों ने भाग लिया। इस अवसर पर विरमराम, महेंद्रसिंह, मांगीलाल, मूलाराम, रमेशकुमार, राकेशकुमार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## गुड़ा भोपसिंह को पंचायत का दर्जा दिलाने का किया संकल्प

**ग्रामीणों की बैठक आयोजित**

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**घाणेराव।** निकटवर्ती गुड़ा भोपसिंह गांव स्थित कृष्ण मंदिर प्रांगण में सोमवार को शनिदेव सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित ग्रामीणों की बैठक में एकसुर में गुड़ा भोपसिंह गांव को पंचायत का दर्जा दिलवाने का संकल्प किया गया। ग्रामीणों ने कहा कि गुड़ा भोपसिंह, गरासिया कॉलोनी व संग्राम नाडी क्षेत्र में पंचायत के अभाव में विकास कार्य नहीं हो पाए है। ऐसे में इन गांवों को मिलाते हुए गुड़ा भोपसिंह गांव को पंचायत का दर्जा दिलाने सरकार से मांग की जाएगी। जिला कलक्टर से परिसीमांकन करवाते हुए पंचायत के पुनर्गठन की मांग की जाएगी।



समिति सदस्य व घाणेराव उपसरपंच दिनेश आदिवाल ने बताया कि सरकार की ओर से जिस क्षेत्र में आदिवासी लोगों की संख्या 2 हजार से अधिक है वहां पंचायत बनाने पर विचार किया जा रहा है। ऐसे में गुड़ा भोपसिंह, गरासिया कॉलोनी, संग्राम नाडी सहित आसपास बेरों पर रहने वाले लोगों की संख्या तीन हजार से अधिक है। जिससे गुड़ा भोपसिंह गांव को पंचायत का दर्जा मिल सकता है। इसके लिए ग्रामीणों ने एकजुट होकर बुलंद अवाज उच्चाधिकारियों तक पहुंचानी होगी। अमरसिंह पंवार ने कहा कि गुडा भोपसिंह को पंचायत का दर्जा मिलने के बाद विकास कार्यो के लिए अलग से बजट मिलेगा, जिससे क्षेत्र का समग्र विकास हो सकेगा। क्षेत्र के लोग सरपंच व जनप्रतिनिध बन सकेंगे। समिति सदस्य हरीश श्रीमाली ने ग्रामीणों से कहा कि आने वाला समय गुड़ा भोपसिंह के बहुत ही महत्वपूर्ण है। पंचायत का दर्जा मिले, इसको लेकर संघर्ष करने के लिए ग्रामीणों को तैयार रहना होगा। बैठक में मनोहरसिंह वार्डपंच, सतीश चौहान, गुड़ा भोपसिंह गांव के ललित मेवाड़ा, खेमराज भील, नरेन्द्रकुमार, मांगीलाल देवासी, मांगीलाल, भीकाराम, शंकरसिंह रावत सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## भाकिस की बैठक में अभ्यास वर्ग पर चर्चा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**देसूरी।** कस्बे में भारतीय किसान संघ तहसील इकाई की बैठक अध्यक्ष पूनाराम चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में 21 जनवरी को प्रस्तावित संगठन के अभ्यास वर्ग पर चर्चा की गई। इसी दिन रैली निकाल किसानों की समस्याओं को लेकर संबंधित अधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस अवसर पर तहसील मंत्री तेजाराम प्रजापत, यशपालसिंह, गमनाराम, अचलाराम, जेठाराम, शिवलाल, रतन मोटा, किशनसिंह, प्रकाशकुमार, लच्छाराम, चेलाराम, शेषाराम चौधरी, घीसाराम समेत कई किसान मौजूद थे।



## पैरा लीगल वॉलेन्टियर्स की नियुक्ति की

**सुमेरपुर।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर द्वारा पीएलवी की कार्यावधि समाप्त होने से पूर्व ही जिले एवं ताल्लुका स्तर पर कार्यरत पैरा लीगल वॉलेन्टियर्स की नियुक्ति कर दी गई है। प्राधिकरण ने पैनल के पुनर्गठन के संबंध में निर्देश दिए थे जिनकी पालना में जिला मुख्यालय पाली अधीनस्थ तालुका विधिक सेवा समिति मुख्यालय सुमेरपुर पंचायत समिति सुमेरपुर पर वर्तमान में नियुक्त किए गए वर्मनकुमार सामरिया पैरालीगल वालंटियर के रूप 7 वर्षो से सुमेरपुर की पंचायत में निशुल्क सेवा एवं कानूनी सेवाएं देते रहे थे। उन्हें पुनः तालुका विधिक सेवा समिति द्वारा 6 जनवरी से 31 दिसंबर तक नियुक्त किया गया है।

## बाइकों की आमने सामने भिड़ंत में तीन घायल

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**देसूरी।** कस्बे के लापी सड़क मार्ग पर दो बाइकों की आमने सामने भिड़ंत में बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए। इस दौरान सड़क मार्ग से गुजरते वाहन चालकों ने तुरंत 108 वाहन चालक फरसदान चारण व इएमटी दीपक पटेल को सूचना दी। जिस पर वे तुरंत मौके पर पहुंचे एवंतीनों घायलों को देसूरी अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सक व मेलनर्स जयंतीलाल व स्टाफ द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। गंभीर घायल खरताराम व परताराम को पाली रेफर किया गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौका मुआयना कर घटना की जानकारी ली।



## योजना बनी लाभदायी, ऑपरेशन के बाद अब चल-फिर सकेंगी लावण्या

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाली।** आरबीएसके टीम के प्रयासों से निशुल्क ऑपरेशन के बाद जन्म से दोनों पैरों में तकलीफ से पीड़ित दस वर्षीय लावण्या पुत्री अतुलकुमार वर्मा अब चलने-फिरने में सक्षम होंगी। बीसीएमओ हितेंद्र वागोरिया के अनुसार बाली में आरबीएसके की दो टीमें कार्यरत है। जिन्होंने अभी तक 70 से ज्यादा जटिल ऑपरेशन निःशुल्क करवाए है। इन ऑपरेशनों की कीमत 2 लाख से 11 लाख तक के करीब आती है। लावण्या के पिता अतुलकुमार वर्मा ने लावण्या के ऑपरेशन पर ब्लॉक बाली टीम का आभार जताते हुए कहा कि उन्होंने अपनी बेटी को बड़े-बड़े शहरों में दिखाया, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि ब्लॉक बाली टीम की मदद से उनकी बेटी का ऑपरेशन सफल हुआ है, जिसके लिए वे हमेशा आभारी रहेंगे। इस ऑपरेशन के लिए ब्लॉक बाली टीम के सदस्यों ने अपनी पूरी मेहनत और समर्पण से काम किया। टीम के सदस्यों में डॉ प्रेमकुमार बर्वर, डॉ भीमाराम चौधरी, फार्मासिस्ट पंकजकुमार गौड़ और मनोजकुमार शामिल थे। उन्होंने बताया कि लावण्या का ऑपरेशन एक जटिल प्रक्रिया थी, लेकिन उन्होंने अपनी विशेषज्ञता और अनुभव का उपयोग करके इसे सफल बनाया। ऑपरेशन के बाद लावण्या की मां ने कहा कि बेटी का ऑपरेशन सफल होने से वे एवं पूरा परिवार बहुत खुश हैं। उनकी बेटी को चलने-फिरने में अब कोई दिक्कत नहीं होगी और वह अपने जीवन को सामान्य रूप से जी सकेगी।



## शिविर में जांचा 360 लोगों का स्वास्थ्य

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**देसूरी।** आना गांव स्थित चौधरी मेडिकल स्टोर सभागार में आना निवासी गुलाबसिंह पुत्र अचलसिंह राजपुरोहित के तत्वावधान में निशुल्क नेत्र व हड्डी रोग निदान शिविर आयोजिन किया गया। दिनेश चौधरी के अनुसार इस दौरान पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा 360 रोगियों के स्वास्थ्य की जांच कर परामर्श दिया गया। 42 रोगियों को ऑपरेशन के लिए उदयपुर भेजा गया। दो दर्जन से ज्यादा दिव्यांगों को छड़ी का वितरण किया गया।



# समारोह पूर्वक मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस

**बैठक में की तैयारियों पर चर्चा, दिए दिशा निर्देश**



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** जिला कलक्टर एलएन मंत्री के निर्देशानुसार मंगलवार को जिला कलक्टर कार्यालय के सभागार में गणतंत्र दिवस के संबंध में तैयारी बैठक अतिरिक्त जिला कलक्टर भवानीसिंह पंवार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। उन्होंने 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के आयोजन संबंधी तैयारियों को लेकर सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए और कहा कि हमेशा की तरह गणतंत्र दिवस 26 जनवरी पूर्ण हर्षोल्लास व गरिमामय माहौल में मनाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि हमेशा की तरह इसका आयोजन बांगड स्टेडियम आयोजित किया जाएगा। समारोह में सभी संबधित अधिकारियों को स्टाफ समेत पूर्ण उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बांगड़ स्टेडियम में रंग-रोगन साफ-सफाई व्यवस्था, मार्च-पास्ट, ध्वज व्यवस्था, परेड निरीक्षण, माइक तथा साउंड व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, टेंट, पानी, बैठक व्यवस्था, साजसज्जा, परिवहन एवं सुरक्षा व्यवस्था आदि को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए। उन्होंने बैठक में बताया कि जिला कलक्टर व जिला कलक्टर कार्यालय में प्रातः 8.30 बजे व एडीएम के निवास पर यूआइटी भवन में ध्वजारोहण किया जाएगा। मुख्य समारोह बांगड स्टेडियम में प्रातः 9 बजे से प्रारंभ होगा व मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा।

### सम्मानित होने को आवेदन 20 तक

*समारोह में प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 20 जनवरी तक तय की गई है। उन्होंने कहा कि विभिन्न विभागों के सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारी, समाजसेवी एवं विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले व्यक्तियों द्वारा 20 जनवरी 2025 तक निर्धारित प्रारूप में आवेदन किया जा सकता हैं। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी पाली विमलेन्द्र राणावत व सभी संबंधित विभागों सार्वजनिक निर्माण विभाग, पीएचइडी, शिक्षा, उच्च शिक्षा, पुलिस, परिवहन, सैनिक कल्याण, महिला एवं बाल विकास, महिला अधिकारिता, सांख्यिकी, आयुर्वेद, सूचना प्रौद्योगिकी आदि विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।*

### पूर्व संध्या पर होगा रंगारंग कार्यक्रम

एडीएम पंवार ने बताया कि गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या 25 जनवरी को सांस्कृतिक कार्य म आयोजित किया जाएगा। इसके लिए सभी संबंधित विभाग आवश्यक तैयारियां पूरी करें। विभिन्न विभागों की विकास व योजनाओं की झांकियों के प्रदर्शन व रिहर्सल के बारे में चर्चा कर सभी संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए।

# पाली संभाग का दर्जा बरकरार रखने की मांग

**कांग्रेस ने राज्यपाल के नाम जिला कलक्टर को सौंपा ज्ञापन**

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंदसिंह डोटासरा के निर्देशानुसार कांग्रेसजनों ने राजस्थान की भाजपा सरकार द्वारा पाली संभाग का दर्जा निरस्त करने के विरोध जताया एवं राज्यपाल के नाम जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंप जनहित में अपना फैसला बदलने की मांग की। जिला महासचिव रफीक चौहान ने बताया कि कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीज दर्द के नेतृत्व में जिला कांग्रेस कार्यालय से कलेक्टर कार्यालय तक रैली नारेबाजी के साथ रैली निकाली गई। दर्द ने कहा कि भाजपा ने जनता के जिले और संभाग निरस्त किए हैं, समय आने पर जनता भी इन्हें निरस्त कर देगी। इस मौके पर पाली विधायक भीमराज भाटी, प्रदेश महासचिव प्रवीण कोठारी, शिशुपालसिंह राजपुरोहित, प्रदेश सदस्य महावीरसिंह सुकरलाई, पाली ब्लॉक अध्यक्ष जीवराज बोराणा, रोहट ब्लॉक अध्यक्ष गिरधारीसिंह राजपुरोहित, बाली ब्लॉक अध्यक्ष यशपालसिंह राजपुरोहित, महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव नीलम बिड़ला, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष हाजी मेहबूब टी, नेता प्रतिपक्ष हकीमभाई, मेवाराम ओड, महिला जिलाध्यक्ष एश्वर्या सांखला, जोगाराम सोलंकी, प्रकाश सांखला, जिला महासचिव रफीक चौहान, मांगूसिंह दूदावत, मंडल अध्यक्ष रघुनाथसिंह मंडली, राजू बंजारा, चेलाराम रारबडा, शकील नागौरी, प्रकाश सोनी, राजेन्द्र मेघवाल, ओबीसी जिलाध्यक्ष गोविन्द बंजारा, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष लालमोहम्मद सिंधी, यशपालसिंह कूम्पावत, महेश जोशी, सज्जन बी राज, भंवर राव, कानाराम पटेल, मंगलाराम बाडसा, अमराराम पटेल, ताराचंद चंदनानी, ताराचंद टांक, संतोकसिंह बाजवा, मोनू मेघवाल, रमेश चावला, प्रकाश चौहान, अमराराम बेनीवाल, पुष्पराज सोनी, असगर खत्री, असगर कुरैशी, मोहनसिंह राजपुरोहित, दिलीपसिंह रावलवास, भैराराम गुर्जर, आमीनअली रंगरेज, गणपत पटेल, लक्ष्मण कच्छवाहा, अंकिता बोहरा, शहाबुद्दीन बागवान, कृष्णा सांसी, रमेश परिहार, विजय जोशी, संतोष दूबे, रामचंद्र बुनकर, वि' म चंदानी, अशोककुमार, जावेद सिरोहा, नजीर सिंधी, बाबूलाल बंजारा, कमरुद्दीन पठान, राजू पाल, सुनील रामावत, पूरण आर्य, गोवर्धन प्रजापत, राहुल घावरी, अरबाज खान, वजीर खां, गिरधारी मीणा, विकास राठौड़, अनवर खां सिपाही सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# जिले में अब 18 लाख 15 हजार 871 मतदाता

**34 हजार 384 नाम जोड़े एवं 10 हजार 560 नाम विलोपित किए**

**मतदाता सूचियों का किया अंतिम प्रकाशन**

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलक्टर एलएन मंत्री की अध्यक्षता एवं भारत निर्वाचन आयोग एवं निर्वाचन विभाग व जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार अर्हता एक जनवरी 2025 के संदर्भ में मतदाता सूचियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य म मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन मंगलवार को किया गया। जिला कलक्टर कार्यालय में आयोजित बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि एवं मीडियाकर्मी मौजूद रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी मंत्री ने अर्हता दिनांक एक जनवरी 2025 के संदर्भ में मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन के संबंध में जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि अंतिम प्रकाशन की फोटोरहित मतदाता सूची की सॉफ्ट कॉपी व फोटोयुक्त मतदाता सूची की मुद्रित प्रति मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के अधिकृत प्रतिनिधियों को प्रदान की गई है। उन्होंने बताया कि



29 अक्टूबर 2024 को प्रारूप प्रकाशन के समय जिले की 6 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 17 लाख 92 हजार 47 मतदाता थे। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य म 2025 के दौरान कुल 34 हजार 384 नाम जोड़े गएं एवं 10 हजार 560 नाम विलोपित किए गए। इस प्रकार अंतिम प्रकाशन के समय जिले में कुल 18 लाख 15 हजार 871 मतदाता हो गए है। जिले की अनुमानित जनसंख्या के अनुसार जिले का लिंगानुपात 931 की होना चाहिए जो प्रारूप प्रकाशन के समय यह 932 था जो अब बढ़कर 936 हो गया है। अनुमानित जनसंख्या के अनुसार मतदाता जनसंख्या अनुपात इपी रेशियों 716 होनी चाहिए। प्रारूप प्रकाशन के समय 702 था जो अब बढ़कर 711 हो गया है। अंतिम प्रकाशन के समय कुल 23 हजार 259 विशेष दिव्यांगजन कुल मतदाता है। बैठक में उपजिला निर्वाचन अधिकारी डॉ बजरंग सिंह, तहसीलदार निर्वाचन रेखा देवी, भाजपा के रामकिशोर साबू, कांग्रेस के रफीक खान, एआइएमआइएम के आसिफ खान मौजूद थे।

# अधिकाधिक लोगों को करें योजनाओं से लाभान्वित : नायक



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** राजस्थान राज्य अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास आयोग अध्यक्ष राजेंद्र कुमार नायक ने मंगलवार को उप निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग पाली में बैठक ली। उन्होंने अनुसूचित जाति के कल्याण के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की और उसके लिये आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना, बैंकिंग योजना, पैकेज ऑफ प्रोग्राम योजना, ऑटो रिक्शा/इ रिक्शा योजना, व्यक्तिगत पंप सेट योजना, उन्नत नस्ल गाय भैंस योजना, मुद्रा ऋण योजना, राजस्थान अनुसूचित जाति-जनजाति वित्त एवं विकास सहकारी निगम की ऋण योजना, अनुसूचित जाति के व्यक्तियों के लिए दक्षता विकास प्रशिक्षण कार्य म का अधिक से अधिक प्रचार कर अधिक से अधिक व्यक्तियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न योजनाओं और उनके ि यान्वयन के बारे में जानकारी ली और पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करने निर्देश दिए। सामाजिक सुरक्षा अधिकारी रानी जितेन्द्रसिंह सोनिगरा ने विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। महिपाल लालस सहायक सांख्यिकी अधिकारी ने अनुजा निगम योजनाओं की प्रगति से अवगत कराया एवं समय समय पर आयोजित किए गए जागरूकता शिविरों की जानकारी दी।

# मांगूसिंह बने भाजपा गुंदोज मंडल अध्यक्ष

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**देसूरी।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से गुंदोज मंडल अध्यक्ष पद पर मांगूसिंह डेंडा को नियुक्त किया है। भाजपा नेता वीरेंद्रसिंह मादड़ी के अनुसार उनकी नियुक्ति पर पूर्व चेयरमैन संजय ओझा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने साफा व माला पहनाकर उनका स्वागत सम्मान किया। इस मौके पर रघुनाथसिंह रावणा, गणेश पटेल, कुपाराम सीरवी, नेमसिंह रावलवास, सूरजपालसिंह रावलवास, रुपसिंह आइसिया, गोविन्दसिंह गोदावास, कालूसिंह, भगवानसिंह पादरला, अमरसिंह सिसोदिया, विष्णु पुरोहित, गोपाल शर्मा, मुकेश शर्मा, हीरालाल मेघवाल, राधेश्याम शर्मा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।



# प्रतिभा सम्मान समारोह 12 को जसवंतपुरा में

**पाली, जालोर व सिरोही जिले की प्रतिभाएं होगी सम्मानित**

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** समस्त प्रजापति वेलफेयर संस्थान मुख्यालय सुमेरपुर के तत्वावधान में पाली संभाग के पाली, जालोर व सिरोही जिले के सभी तथा प्रवासी समाजबंधु कुम्हार, प्रजापत, कुंभकार व प्रजापति समाज का प्रतिभावान सम्मान एवं मोटिवेशन समारोह 12 जनवरी को सुबह 8 बजे जालोर के जसवंतपुरा स्थित मारू प्रजापति छात्रावास में होगा। समारोह में कक्षा 10वीं, 12वीं, डिग्रीधारी, डिप्लोमाधारी जो 60 प्रतिशत से अधिक, राज्य व राष्ट्रीय खेलकूद, सरकारी प्रतियोगिता में चयनित विद्यार्थियों का सम्मान किया जाएगा। समारोह की तैयारियों में संस्थान के संयोजक ललित मेड़तिया सुमेरपुर, अध्यक्ष कैलाशकुमार बाली, सचिव रमेश मुलेवा, कोषाध्यक्ष प्रकाश जालोर शिवगंज, उपाध्यक्ष महेंद्र राठौड़ सहित अन्य कार्यकारिणी सदस्य जुटे हुए हैं।

# एबीवीपी जोधपुर प्रांत अधिवेशन आयोजित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

पाली अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जोधपुर प्रांत का रविवार से आरंभ 60वां प्रांत अधिवेशन मंगलवार को ध्वजावतरण के साथ सम्पन्न हुआ। अधिवेशन में जोधपुर प्रांत के एक हजार से अधिक छात्र-छात्राओं की सहभागिता रही। अधिवेशन में छात्र हितों को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को मूल स्वरूप में लागू करने, उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार एवं राजस्थान का वर्तमान सामाजिक परिदृश्य को लेकर चर्चा हुई तथा तीनों प्रस्तावों को पारित किया गया, जिन्हें राजस्थान सरकार को सौंपा जाएगा। अधिवेशन में प्रातः सत्र में अभाविप के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री गोविंद नायक ने पंच परिवर्तन विषय पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत में हाल ही में देश की संस्कृति की रक्षा करना सबसे महत्वपूर्ण विषय के रूप में उभरा है। संभावना से युक्त व्यक्ति हार में भी जीत देखता है और हमेशा संघर्षरत रहता है। इसलिए पंच परिवर्तन उभरते भारत की चुनौतियों का समाधान करने में समर्थ है। प्रांत अध्यक्ष डॉ. हीराराम ने वर्ष 2024-25 की प्रांत कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए कहा कि जोधपुर प्रांत का यह अधिवेशन ऐतिहासिक अनुभवों का गवाह रहा है। प्रांत मंत्री कु. पूनम भाटी ने अभाविप के वर्षभर के कार्य मों की योजना रखी।



# दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए निर्देशों की करें पालना : चौधरी



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** जिला कलेक्टर अल्पा चौधरी ने जिले में खुले या परित्यक्त बोरवेल/ट्यूबेल में छोटे बच्चों के गिरने से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए भू-जल विभाग द्वारा जारी निर्देशों की संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा अक्षरशः पालना करने के निर्देश दिए है। सर्वोच्च न्यायालय और केन्द्रीय भूजल प्राधिकरण (सीजीडब्ल्यूए) के सार्वजनिक सूचना के आदेश और मुख्यमंत्री बजट घोषणा संख्या 32 वित्त वर्ष 2024-25 की अनुपालना के अन्तर्गत खुले या परित्यक्त बोरवेल/ट्यूबवेल में छोटे बच्चों के गिरने से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए निर्देश जारी किए है।

### बोरवेल/ट्यूबेल निर्माण के बारे में अग्रिम सूचना देना

भूमि/परिसर के स्वामी को बोरवेल/ट्यूबवेल निर्माण शुरू करने से पहले कम से कम 15 दिन पहले लिखित में सूचना देनी होगी। सूचना क्षेत्र के संबंधित जिला कलेक्टर/जिला मजिस्ट्रेट, ग्राम पंचायत के सरपंच/भूजल विभाग/जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग/नगर निगम के अधिकारियों जैसा भी मामला हो, को प्रस्तुत की जानी है। सूचना को डीओआईटी जीओआर द्वारा विकसित राजधारा पोर्टल पर भी अपलोड किया जाना है।

### ड्रिलिंग एजेंसी का पंजीकरण

सभी ड्रिलिंग एजेंसियों सरकारी, अर्दसरकारी निजी आदि को अनिवार्य रूप से डीओआईटी जीओआर द्वारा विकसित राजधारा पोर्टल पर ड्रिलिंग रिग का पंजीकरण कराना होगा। उन्हें अपने द्वारा ड्रिल किए गए सभी बोरवेल/ट्यूबवेल का विवरण (डाटाबेस) रखना होगा और पोर्टल पर इनकी जानकारी (जीपीएस आधारित लोकेशन सहित) दर्ज करनी होगी।

### सीमेंट का प्लेटफार्म निर्माण एवं बोरवेल की कैपिंग करना

नलकूप के चारों तरफ सीमेंट कंक्रीट के एक प्लेटफार्म का निर्माण किया जाएगा, जिसकी साइज 0.50 गुणा 0.50 गुणा 0.60 मीटर होगी जो जमीन से 0.30 मीटर उपर एवं 0.30 मीटर नीचे होगी। स्टील की एक केपर होगी जा नलकूप के ऊपर वेल्ड की जाएगी अथवा नट बोल्ट से फिक्स की जाएगी। मोटर पंप मरम्मत के दौरान नलकूप को खुला नहीं छोडा जाएगा।

### नए तथा पुराने नलकूपों की सूचनाओं का संधारण

*सभी नए तथा पुराने नलकूप उपयोगकर्ताओं को डीओआईटी द्वारा विकसित राजधारा ऑनलाइन पोर्टल पर नलकूप निर्माण की सूचना दर्ज करानी होगी। समस्त अकार्यशील बोरवेल/नलकूप जो चालू हालत में नहीं है उन्हें नलकूप उपयोगकर्ता/भूमि मालिक द्वारा बंद कर सूचना राजधरा पोर्टल पर अपलोड करानी होगी। साइट निरीक्षण के दौरान कार्यकारी निर्देशों का उल्लंघन किए जाने पर एनओसी रद्द की जा सकती है। ट्यूबवेल/बोरवेल को सील किया जा सकता है। जुर्माना लगाया जा सकता है। दुर्घटना की स्थिति में एफआईआर दर्ज की जाएगी तथा कानूनी कार्यवाही की जाएगी।*

# वाघेला का राइफल शूटिंग में चयन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**दांतराई।** भारतीय विश्वविद्यालय संघ उत्कृष्ट के 100 वर्ष के जश्न पर पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ में 8 से 18 जनवरी तक पटियाला की राव शूटिंग रेंज सेक्टर 25 में अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय शूटिंग प्रतियोगिता आयोजित होगी। जिसमें रेवदर तहसील के हरणी अमरापुरा के मनोहरसिंह वाघेला का 10 मीटर एयर राइफल शूटिंग और 25 मीटर रैपिड फायर में ऑल इंडिया (नेशनल) यूनिवर्सिटी में चयन हुआ। माधव यूनिवर्सिटी की और से मनोहरसिंह अपना नेतृत्व करेंगे। पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ में 8 जनवरी से 18 जनवरी तक पटियाला की राव शूटिंग रेंज सेक्टर 25 में आयोजित प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे।



# 'जिसका कोई नहीं होता उसका भगवान होता है'

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** शहर के रमेश कॉलोनी एसएम विला हनुमान मंदिर के पास नानी बाई रो मायरो तीन दिवसीय कथा का आयोजन जारी है। कथा के दूसरे दिन कथा वाचक दीपिका ने कहा कि जिसका कोई नहीं होता उसका भगवान होता है। उन्होंने नानीबाई मायरे का पूरा वृतांत सुनाया। बुधवार को कथा का अंतिम व तीसरा दिन है जिसमें सांवरिया द्वारा नानीबाई का मायरा भरा जाएगा। इस दौरान पार्षद बीरबल पूनिया, भीखाराम विश्नोई, डूंगराराम माली, शंकरलाल माली, रमेश माली, ओमप्रकाश सोनी, रमेश सारस्वत, राजूभाई, छोगाराम सेन, बीरबल लोल सहित बड़ी संख्या में शहर के लोग मौजूद थे।

## एक दिवसीय रोजगार मेला 10 को

**सिरोही।** जिला प्रशासन एवं कौशल, रोजगार एवं उद्यमिता विभाग द्वारा जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार एवं कौशल प्रशिक्षण के बेहतर अवसर प्रदान करने के लिए शुक्रवार को जिला रोजगार कार्यालय परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह : यातायात नियमों की दी जानकारी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** जिले में 1 से 31 जनवरी तक 'परवाह' (केयर) थीम पर राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2025 का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत हितधारक विभागों द्वारा विभिन्न गतिविधियां का आयोजन कर सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा हैं। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दौरान यातायात नियमों के प्रति जागरूकता व विधिक जानकारी देने, राजमार्गों पर अवैध रूप से स्थित शराब की दुकानों, कंटेनर्स व अनाधिकृत पार्किंग को हटाने, विद्यालयों व महाविद्यालयों में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने, वाहन चालकों की नेत्र जांच, सड़क सुरक्षा संबंधित प्रशिक्षण समेत कई प्रतियोगिताओं के माध्यम से लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा हैं। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं सड़क सुरक्षा के प्रति आमजन में जागरूकता के लिए आयोजित किए जा रहे सड़क सुरक्षा माह के दौरान बुधवार को जिला व ग्राम पंचायत स्तर पर जागरूकता रैली का आयोजन किया जाएगा। जिला मुख्यालय पर सवेरे साढ़े दस बजे नगर परिषद परिसर जालोर से जागरूकता रैली का निकाली जाएगी। इसके अलावा भागली टोल नाका पर नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा।



## यातायात नियमों की जानकारी दी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** पालड़ी एम पुलिस की ओर से बागसीन में चल रहे मनरेगा स्थल पर श्रमिकों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। हैड कांस्टेबल विरेन्द्रसिंह डूडी ने सभी प्रकार के वाहन चालकों को नियमों की जानकारी देते हुए उनकी अवहेलना करने वालों के खिलाफ की जाने वाली कानूनी कार्रवाई की भी जानकारी साझा की। बागसीन सरपंच पूरणसिंह, वीडीओ शिवपालसिंह, कनिष्ठ सहायक पूरणसिंह देवड़ा समेत मनरेगा श्रमिक मौजूद थे।

## लैंस प्रत्यारोपण शिविर आज

**आबूरोड।** महावीर इंटरनेशनल व सुदर्शना वीरा विंग द्वारा श्रीमती मोहनदेवी मेहता की पुण्य स्मृति में डॉ. सत्यदेवसिंह तथा राजेन्द्रसिंह मेहता परिवार, ग्लोबल अस्पताल नेत्र संस्थान, जिला अंधता निवारण समिति के तत्वावधान में बुधवार को निशुल्क नेत्र चिकित्सा एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर श्रीमती लीलादेवी माणिकलाल दवे राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भारजा में आयोजित किया जाएगा। शिविर प्रभारी महेन्द्र मरडिया एवं अवनेश जैन के अनुसार अत्याधुनिक पद्धति से टांके से आंख के आपॅरेशन व लेंस प्रत्यारोपण के साथ निशुल्क ग्लोबल अस्पताल आबूरोड में होगा।



# हामिद खान ने पेश की सीएम भजनलाल शर्मा की चादर

**अजमेर।** राजस्थान के अजमेर स्थित विश्वविख्यात ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह पर 813वें उर्स के मौके पर प्रदेशभर से श्रद्धालुओं और नेताओं का जमावड़ा हो रहा है। इस पवित्र अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा की ओर से चादर पेश की गई। इन चादरों के जरिए प्रदेश में अमन, चैन और खुशहाली की दुआ मांगी गई।

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का संदेश

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की ओर से उनकी चादर अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष हामिद खान मेवाती ने पेश की। चादर के साथ सीएम का संदेश बुलंद दरवाजे से पढ़ा गया। अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि दुनिया में अमन-चैन, शांति और भाईचारे का पैगाम है गरीब नवाज की पहचान। राजस्थान में गंगा-जमुना तहजीब बनी रहे, यही हमारी कामना है। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों के लिए सुख-शांति और समृद्धि की दुआ भी मांगी। इस दौरान उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा की ओर से भी चादर दरगाह में पेश की गई। दोनों नेताओं की चादरें आस्थाना शरीफ में उनके वकील खादिमों ने पेश कीं। इस दौरान प्रदेश के विकास, भाईचारे और सांप्रदायिक सौहार्द के लिए विशेष दुआ की गई।

# विदेशों में छिपे भगोड़ों की अब खैर नहीं

## अमित शाह ने लॉन्च किया 'भारतपोल' पोर्टल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार 7 जनवरी को सीबीआई द्वारा तैयार किये गए 'भारतपोल' पोर्टल को लॉन्च किया। सीबीआई द्वारा तैयार 'भारतपोल' पोर्टल सभी राज्यों और केंद्रीय एजेंसियों के बीच विदेश में बैठे अपराधियों को ढूंढकर लाने की कार्रवाई का रियल टाइम जानकारी साझा करना सुनिश्चित करेगा। दरअसल विदेश में रहने वाले वांछित अपराधियों को ढूंढने के लिए इंटरपोल से नोटिस जारी करना होता है। भारत में इंटरपोल की इकाई के रूप में सीबीआई काम करती है।

### एजेंसियों को विदेश में रहने वाले अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की मिलेगी रियल टाइम जानकारी



### पत्रों, ईमेल, फैक्स की झंझट होगी समाप्त

*केंद्र, राज्य और केंद्रशासित प्रदेशों के स्तर पर यह समन्वय इंटरपोल लाइजन ऑफिसर के माध्यम से किया जाता है, जो अपने-अपने संगठनों में पुलिस अधीक्षकों, पुलिस आयुक्तों और शाखा प्रमुखों से जुड़े होते हैं। वर्तमान में सीबीआई, आइएलओ और यूनिट आफिसर्स के बीच संवाद मुख्य रूप से पत्रों, ईमेल और फैक्स के जरिये होता है।*

### आसानी से मिलेगी अंतरराष्ट्रीय अपराधियों की जानकारी

*'भारतपोल' पोर्टल के इस्तेमाल से अंतरराष्ट्रीय सहायता के लिए सभी अनुरोधों पर कार्रवाई को सुव्यवस्थित किया सकेगा। इनमें रेड कार्नर और अन्य रंगों के इंटरपोल नोटिस जारी करना शामिल है। अंतर्राष्ट्रीय सहायता तक आसान और तेज पहुंच की सुविधा से अंतरराष्ट्रीय अपराधों से निपटने में भी मदद मिलेगी।*

### सांवलिया सेठ मंदिर के खजाने से निकला नोटों का अंबार

## दो चरणों में चढ़ावे में आए पौने 8 करोड़ की राशि

**चित्तौड़गढ़।** मेवाड़ के प्रसिद्ध कृष्णधाम सांवलियाजी में भगवान श्री सांवलिया सेठ के भंडार से दो चरणों में कुल 7 करोड़ 76 लाख 69 हजार रुपए की राशि की गणना की गई। इस राशि में दूसरे चरण में 4 करोड़ 75 लाख से अधिक का चढ़ावा प्राप्त हुआ था।

प्रतिमाह कृष्ण पक्ष चतुर्दशी को ठाकुरजी का भंडार खोला जाता है, और इस क्रम में 29 दिसम्बर को भगवान श्री सांवलिया सेठ का भंडार खोला गया था। उस दिन भक्तों की अधिक संख्या के कारण गणना कार्य स्थगित कर दिया गया था। रविवार को लगभग 3 करोड़ रुपए की राशि की गणना की जा सकी, जबकि सोमवार को गणना फिर से शुरू करते हुए भंडार से 4 करोड़ 76 लाख 69 हजार रुपए की राशि प्राप्त हुई। पहले चरण की गणना के बाद, अब भंडार से प्राप्त सोना और चांदी का वजन करना बाकी है।

## राज्यपाल ने किया चुराचांदपुर का दौरा

### कुकी लीडर्स से की मुलाकात

**इंफाल।** मणिपुर के नए राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने मंगलवार को चुराचांदपुर जिले का दौरा किया। उन्होंने यहां कुकी लीडर्स से मुलाकात की। राज्यपाल ने कुकी लोगों से शांति बनाने और सरकार से साथ मिलकर काम करने का कहा। भल्ला ने चुराचांदपुर कॉलेज में आईटी सेंटर का उद्घाटन भी किया।

## 11 करोड़ से ज्यादा की ड्रग्स जब्त

**गुवाहाटी।** असम के कछार और कार्बी आंगलोंग जिलों से अलग-अलग अभियानों में 11 करोड़ रुपए से ज्यादा की ड्रग्स जब्त की गई। सीएम



हिमंत बिस्वा सरमा ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पुलिस ने सोमवार देर रात कछार जिले के दिघार फुलर्टोल इलाके से 5.1 करोड़ कीमत की 1.17 किलोग्राम हेरोइन जब्त की। दिललाई तिनियाली में बस से 6 करोड़ कीमत की 1.22 किलोग्राम संदिग्ध हेरोइन जब्त की।

## बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाले की सुनवाई टली

**नई दिल्ली।** बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाले की सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार सुबह सुनवाई हुई। सीजेआई संजीव खन्ना, जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने कहा कि हमारे पास दो विकल्प हैं। या तो 3 जस्टिस की बेंच मामले की फिर से सुनवाई करे या इसे दो जस्टिस की बेंच को ही लिस्ट करने दिया जाए, जिसने 19 दिसंबर को भी दलीलें सुनी थीं। वकीलों की दलीलों के बाद सीजेआई खन्ना ने कहा कि मामले की सुनवाई 15 जनवरी को दोपहर 2 बजे 2 जस्टिस की बेंच सुनेगी। उस बेंच में सीजेआई और जस्टिस संजय कुमार शामिल होंगे।

## एफआईआर रद्द करने की याचिका खारिज



**हैदराबाद।** फॉर्मूला ई रेस मामले के मुख्य आरोपी और पूर्व मंत्री केटी रामा राव के खिलाफ एफआईआर रद्द करने की मांग की याचिका खारिज हो गई। तेलंगाना हाईकोर्ट ने केटी रामा राव के खिलाफ केस रद्द करने से इनकार कर दिया है। दरअसल, हैदराबाद में आयोजित फॉर्मूला ई रेस में एचएमडीए ने तेलंगाना नगर प्रशासन और शहरी विकास विभाग की ओर से यूके के फॉर्मूला ई ऑपरेशंस को 45.71 करोड़ रुपए दिए गए थे। 45 करोड़ के इस पेमेंट में हेरफेर के आरोप लगे थे। इसका मुख्य आरोपी केटी रामा राव को बनाया गया है।

### संध्या थिएटर भगदड़ मामला

## घायल बच्चे से मिले अल्लू अर्जुन

### 20 दिन बाद होश में आया बच्चा

**हैदराबाद।** अल्लू अर्जुन हैदराबाद के बेगमपेट में केआईएमएस अस्पताल पहुंचे। उन्होंने श्री तेजा से मुलाकात की, जो संध्या थिएटर में



हुई भगदड़ के दौरान गंभीर रूप से घायल हुआ था। घटना 4 दिसंबर 2024 को पुष्पा 2: द रूल के प्रीमियर के दौरान हुई थी। श्री तेजा के 20 दिन बेहोश रहने के बाद होश में आने पर अल्लू अर्जुन ने उससे मिलने की इच्छा जताई थी। इसके लिए पुलिस से परमिशन भी ली थी।

## आतंकी हैंडलर की प्रॉपर्टी सीज

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने मंगलवार को पुलवामा जिले के अवंतीपोरा इलाके में पाकिस्तान में मौजूद आतंकी हैंडलर की प्रॉपर्टी सीज की। आतंकी का नाम मुबाशिर अहमद की है। पुलिस के मुताबिक अवंतीपोरा में पुलिस ने त्राल के पस्तून इलाके के सैयदाबाद में चार मरला जमीन सीज की। अवंतीपोरा पुलिस की जांच में दौरान मुबाशिर अहमद की पहचान आतंकी हैंडलर के तौर पर हुई। अहमद लोकल आतंकी नेटवर्क को हथियार और गोला-बारूद उपलब्ध कराता था।

### छत्रपति संभाजीनगर में ऑनर किलिंग

# चचेरे भाई ने दो सौ फीट पहाड़ी से बहन को दिया धक्का

**छत्रपति संभाजीनगर।** छत्रपति संभाजीनगर में ऑनर किलिंग का एक हैरान कर देने वाला मामला मंगलवार को सामने आया है। यहां एक भाई ने बहन को 200 फीट ऊंची पहाड़ी से धकेल कर उसकी हत्या कर दी। ये घटना पास में ही एक क्रिकेट मैच के दौरान ड्रोन कैमरे में कैद हो गई। आरोपी को कैमरे में देखा जा सकता है जब वह अपनी बहन को पहाड़ से धकेल कर नीचे आ रहा था। इसके बाद जब लोगों ने घटनास्थल पर जाकर देखा तो मृतका वहीं पर पड़ी हुई थी। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है।

### क्रिकेट मैच के ड्रोन कैमरे में घटना कैद



### प्रेम-प्रसंग से नाराज थे परिजन

दरअसल, छत्रपति संभाजी नगर शहर में अंबड तहसील के शाहगढ़ की रहने वाली लड़की किसी से प्यार करती थी, जो उनकी जाति की नहीं था। परिवार वालों को जब इसके बारे में पता चला तो वह उससे दूर रहने का दबाव बनाने लगे। इस बीच लड़की ने शाहगढ़ पुलिस से शिकायत की कि उसके परिवार के सदस्यों से उसकी जान को खतरा है।

### घुमाने के बहाने ले गया चचेरा भाई

*चाचा का लड़का ऋषिकेश, उसे घुमाने के बहाने पहाड़ पर ले गया। पहाड़ी पर 200 फीट की ऊपर जाने के बाद आरोपी चचेरे भाई ने लड़की को धक्का दे दिया, जिससे लड़की की मौत हो गई। मरने वाली लड़की की उम्र 17 साल बताई जा रही है, जबकि आरोपी ऋषिकेश 25 साल का है।*

### बीपीएससी मामले पर सुनवाई से इनकार

# पहले पटना हाईकोर्ट जाओ:सुप्रीम कोर्ट

## प्रीलिम्स एग्जाम के कथित गड़बड़ी के आरोप

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को 70वीं बीपीएससी की प्रीलिम्स एग्जाम से जुड़ी एक याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने याचिकाकर्ता को यह मामला पटना हाईकोर्ट में रखने की सलाह दी है। इस याचिका की सुनवाई चीफ जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने की। 13 दिसंबर को आयोजित हुई 70वीं बीपीएससी प्रीलिम्स एग्जाम को लेकर छात्रों के बीच भारी नाराजगी देखी जा रही है। चीफ जस्टिस ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट पहले स्तर पर इस मामले की सुनवाई के लिए उचित मंच नहीं है और इसे पटना हाईकोर्ट के समक्ष आर्टिकल 226 के तहत पेश करना ज्यादा बेहतर है। सुप्रीम कोर्ट छात्रों और प्रदर्शनकारियों की भावना को समझता है, पर इस मामले पर सीधे तौर पर हस्तक्षेप करने के बजाय



याचिकाकर्ता को पटना हाईकोर्ट जाना चाहिए। इस तरह के मामले के लिए स्थानीय कोर्ट अधिक प्रभावी मंच होते हैं। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि बिहार पुलिस ने अभ्यर्थियों पर बर्बर तरीके से लाठियां भांजी हैं और पटना हाईकोर्ट इस पर स्वत: संज्ञान ले सकता था क्योंकि यह घटना पटना हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस के आवास के बाहर घटी। इस पर बेंच ने दलील को अस्वीकार किया और मामले को आगे सुनने से भी इनकार कर दिया।

### डीएम-एसपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग

*याचिका में बीपीएससी प्रीलिम्स परीक्षा रद्द करने की मांग की गई थी। साथ ही छात्रों पर किए गए लाठीचार्ज के लिए जिम्मेदार जिले के एसपी और डीएम के खिलाफ कार्रवाई की भी मांग की गई थी। याचिका में व्यापक धांधली का आरोप लगाया गया और इसकी जांच सुप्रीम के रिटायर जज की अध्यक्षता में सीबीआई से कराए जाने की मांग की गई थी।*

## मुझे फिर सीएम आवास से निकाला

**नई दिल्ली।** दिल्ली की सीएम आतिशी ने दावा किया कि उन्हें जो सीएम आवास मिला है उसका अलॉटमेंट बीजेपी सरकार ने कैंसल कर दिया है। ये दूसरी बार है जब मुझे आधिकारिक आवास से बाहर कर दिया है।

एक चुनी हुई सरकार की चुनी हुई मुख्यमंत्री से मुख्यमंत्री आवास छीन लिया। तीन महीने पहले भी इन्होंने यही किया था। जब मुख्यमंत्री बनी, आवास से मेरा और मेरे परिवार का सामान घर से निकालकर सड़क पर फेंक दिया था। भारतीय जनता पार्टी को लगता है कि वो घर छीनने से, हमारे साथ गाली-गलौच करने से, मेरे परिवार के बारे में निचले स्तर की बातें करने से हमारे काम रोक देंगे।

# नए साल पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दी खुशखबरी

## दिल्ली के रेलवे स्टेशनों पर कैब-ऑटो पार्किंग शुल्क में कमी

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली सहित दिल्ली के अन्य बड़े स्टेशनों पर कैब और आटो पार्किंग के शुल्क में कमी कर दी गई है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशनों पर आटो व कैब चालकों और कुलियों से मुलाकात करने के बाद इसकी घोषणा की। कैब चालक को अब 12 सौ रुपये प्रति माह की जगह चार सौ और ऑटो चालकों को सात सौ की जगह मात्र दो सौ रुपये पार्किंग देना होगा। कुलियों की समस्या भी हल करने का आश्वासन दिया।



### मंत्री ने मौके पर ही पार्किंग शुल्क में कमी की घोषणा की

*मंगलवार दोपहर वह प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के साथ नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर पहुंचे। कैब व आटो चालकों और कुलियों के प्रतिनिधियों ने उनसे मुलाकात कर मांग पत्र सौंपा। मंत्री ने मौके पर ही पार्किंग शुल्क में कमी की घोषणा कर दी। कुलियों ने प्रत्येक स्टेशन पर आराम घर बनाने, परिवार को 20 लाख रुपये तक की बीमा व उपचार की सुविधा देने, बच्चों की पढ़ाई की सुविधा देने और वर्दी की समस्या हल करने की मांग की। रेल मंत्री ने कहा, 50 से अधिक कुली जिस स्टेशन पर होंगे उन्हें आराम घर मिलेगा।*

### कुलियों की समस्याओं का समाधान का भी दिया आश्वासन

आयुष्मान योजना के अंतर्गत उनका व उनके स्वजनों का उपचार, रेलवे स्कूल में बच्चों को पढ़ाई की सुविधा मिलेगी। वर्दी की समस्या हल होगी।

उन्होंने कुलियों को यात्रियों से अच्छे व्यवहार की सलाह दी। कहा, ऐसा कोई काम नहीं होने चाहिए जिससे कि उन्हें व रेलवे को लेकर यात्रियों के मन में गलत धारना बने। इस मौके पर ऑटो रिक्शा संघ के महामंत्री राजेंद्र सोनी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### अतुल सुभाष सुसाइड केस

## पत्नी के पास रहेगा बेटा

नई दिल्ली। बेंगलुरु में सुसाइड करने वाले एआई इंजीनियर अतुल सुभाष का 4 साल का बेटा व्योम अपनी मां निकिता सिंघानिया के पास ही रहेगा। मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने अतुल की मां अंजू देवी को बच्चे की कस्टडी देने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा, व्योम के लिए उसकी दादी अजनबी हैं। ऐसे में उन्हें कस्टडी नहीं दे सकते। फिलहाल व्योम अपनी मां निकिता के पास है। दरअसल, अतुल की मां अंजू देवी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करके पोते की कस्टडी मांगी थी।

### विभिन्न प्रकरणों पर विचार-विमर्श पश्चात् स्वीकृति प्रदान

# जेडीए के मंथन सभागार में कार्यकारी समिति की बैठक सम्पन्न

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** जयपुर विकास आयुक्त आनन्दी की अध्यक्षता में जेडीए के मंथन सभागार में मंगलवार को कार्यकारी समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न प्रकरणों पर विचार-विमर्श पश्चात् स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में स्वर्ण विहार सांगानेर में सीक्वेंशियल बैच रिएक्टर एसबीआर प्रौद्योगिकी पर आधारित 30 एमएलडी क्षमता के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के इंजीनियरिंग, प्रोक्योरिंग, कंस्ट्रक्शन, कमीशनिंग, ईपीसी और परफॉरमेंस रन के बाद आपरेशन एण्ड मेंटीनेंस कार्य के लिए न्यूनतम बोलीदाता (एल-1) को 3.70 करोड रू. निविदा की स्वीकृति दी गई।



जेडीए, जयपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत 30 एमएलडी एसटीपी नेवटा के पीआरएन (उत्तर) क्षेत्र के लिए मैनहोल के निर्माण के साथ 800 मिमी से 1200 मिमी व्यास के आकार की मुख्य ट्रंक सीवर लाइन बिछाने और जोड़ने के कार्य के लिए न्यूनतम बोलीदाता (एल-1) को 34 करोड रू. निविदा की स्वीकृति दी गई। वर्तमान में एनएचएआई ने जयपुर-अजमेर दिशा में 200 फीट बायपास जंक्शन पर अंडरपास बनाने का प्रस्ताव रखा है। इससे लगभग 1 किलोमीटर में कॉरिडोर खत्म हो जाएगा। झोटवाड़ा आरओबी के निर्माण के परिणामस्वरूप पानीपेच से राव शेखा सर्किल तक का कॉरिडोर समाप्त हो गया है। एनएचएआई ने सीकर रोड - सी जोन बाईपास पर अंडरपास का प्रस्ताव दिया है। इसके परिणामस्वरूप सीकर रोड पर 1.2 किलोमीटर लंबाई में कॉरिडोर को खत्म करना पड़ेगा। राज्य सरकार के संशोधित बजट 2024-25 में विद्याधर नगर तक मेट्रो की डीपीआर की घोषणा की गई है। उक्त समस्त परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए बीआरटीएस कॉरिडोर को निष्क्रिय किये जाने हेतु प्रस्ताव अंतिम निर्णय हेतु राज्य सरकार को भिजवाये जाने का निर्णय लिया गया।

बैठक में जोन-14 में वाटिका रोड के नवीनीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य हेतु निविदा की कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की गई एवं किशन बाग परियोजना के मेंटीनेंस एवं मैनेजमेंट हेतु विभिन्न शर्ते, स्कॉप ऑफ वर्क निविदा दस्तावेजों का अनुमोदन किया गया। जविप्रा कर्मचारी (भर्ती एवं पदोन्नति) में कार्मिक विभाग, राजस्थान सरकार के निर्धारित नियमों को सम्मिलित करने हेतु प्रस्ताव प्राधिकरण बैठक में रखे जाने का निर्णय लिया गया।




नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक-प्रकाशक हेमल पुरोहित द्वारा ई. 3 सारणेश्वर रीको औद्योगिक क्षेत्र सिरोही 307001 से प्रकाशित एवं मुद्रित। संपादक हेमल पुरोहित, रजि. न. RAJHIN/2009/28325.फोन नं. 02972-221920. email:- jtsirohi@gmail.com.